## राहगीरों को मिलेगा गुड़-चना के साथ शीतल जल



### नगर में अनोखे प्याऊ का हुआ शुभारंभ

**गाडरवारा, देशबन्धु।** बीते रविवार को प्रति वर्ष की भाँति इस वर्ष भी नगर में अस्पताल रोड पर सतुवाई अमावस्या के अवसर पर नगर के समाजसेवी मुकेश बसेड़िया द्वारा संचालित गुड़ चने के साथ शीतल जल के प्याऊ का शुभारम्भ अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों ने पूजन अर्चना कर किया।

उल्लेखनीय हैं कि इस प्याऊ के शुरू होने से भीषण गर्मी के मौसम में राहगीरो को गुड़ चने के साथ शीतल जल भी मिलेगा। कार्यक्रम में सर्वप्रथम बेटियों ,माँ विजयासन, दादा धूनी वाले एवं जल देवता का विधिवत मन्त्रोंचार के द्वारा पूजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनो को गुड़ चने एवं सतुआ प्रसादी वितरित की गई। कार्यक्रम में श्री बसेडिया ने उपस्थित जनो का रुद्राक्ष माला पहनाकर स्वागत किया एवं कहा कि नगर में प्रतिदिन ग्रामीण क्षेत्रों से लोग आते हैं इस प्याऊ से उन्हें गुड़ चने के साथ ठंडा जल मिलेगा। उन्होंने कहा कि समाजसेवा के माध्यम से पीड़ित मानवता की सेवा करना ही उद्देश्य हैं। कार्यक्रम में अतिथि मिनेन्द्र डागा ने कहा कि जीवन में सेवा से बढ़ा कोई काम नहीं हैं। अनूप जैन ने कहा कि श्री बसेड़िया द्वारा हमेशा से ही बेहतर समाजसेवी कार्य किये जाते रहते हैं। सर्व ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष महेश अधरुज एवं नागेन्द्र त्रिपाठी ने भी अपने उदबोधन में श्री बसेड़िया के समाजसेवी कार्यो की प्रशंसा की। साथ ही बसेड़िया द्वारा सर्व मंगल कामना व विश्व कल्याण हेतु परशुराम जयंती के अवसर पर भगवान परशुराम की तपोस्थली मोकामा बिहार की यात्रा हेतु सभी ने फरसे का पूजन कर उन्हें यात्रा की अग्रिम शुभ कामनायें दीं। कार्यक्रम में सत्यनारायण शर्मा, भवानी शास्त्री, हरीश स्थापक, अरुण तिवारी, अशोक भार्गव, संदीप स्थापक, मधुसूदन पटेल, राजेंद्र गुप्ता, मूलचंद पटेल ,विनोद गुप्ता, प्रवीण व्यास, मनोज शर्मा, राजेश पचौरी, अतुल, पवन राजोरिया, अनीश भार्गव ,सुरेन्द्र पटैल, अखिलेश शर्मा, मधुर चाचा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## बारूरेवा नदी में बनाया गया 60 बोरियों का बंधान



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान आगामी 30 जून तक लगातार चलाया जायेगा। अभियान की शुरूआत से ही जिले में लगातार जल संरक्षण व संवर्धन के कार्य किये जा रहे हैं। इसी क्रम में जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वावधान में परिषद करेली की संस्थाओं द्वारा ग्राम कठोतिया के बारूरेवा नदी में 60 बोरियों का बंधान किया गया।

यह बोरी बंधान जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में प्रभावी पहल है। जिला समन्वयक मप्र जन अभियान परिषद जयनारायण शर्मा ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरचनाओं का निर्माण व पुरानी जल संरचनाओं की साफ- सफाई के लिए नवांकुर संस्था, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राओं, परामर्शदाताओं, स्वैच्छिक संगठनों और आम नागरिकों की सहभागिता निरंतर किया जा रहा है। इसके साथ-साथ ग्राम चौपाल, रंगोली प्रतियोगिता, जन संवाद, संगोष्ठी, रैली, शपथ, दीवार लेखन आदि के कार्य किये जा रहे हैं। इस कार्य में नवांकुर संस्था समन्वयक विजय चौधरी, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सचिव रामराज कुर्मी, शिव प्रसाद विश्वकर्मा, कामता प्रसाद प्रजापति, नीरज, संतराम ठाकुर, राम कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सार-समाचार

### बालसभा में दी विद्यार्थियों को शैक्षणिक जानकारी

**गाडरवारा, देशबंधु।** गत दिवस ग्राम बनवारी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बाल सभा का आयोजन किया गया। इस बालसभा में प्राचार्य आनंद कुमार चौकसे एवं शिक्षक लालजी प्रसाद कपाड़िया द्वारा बच्चो को ग्रीष्म कालीन में होने वाली शैक्षिक - सहशैक्षणिक विभिन्न पाठ्येतर गतिविधियों एवं शाला स्तर पर समर कैंप में सहभागिता लेने हेतु नामांकन कराना और पर्यावरण संरक्षण के संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक संतोष कुमार श्रीवास, आशीष कुमार शर्मा, कैलाश वर्मा, सरला झरिया, भारती सागर, प्रतीक गुप्ता ,दिलीप शुक्ला ,वंदना द्विवेदी,आरती धानक ,आनंद तिवारी, लकी द्विवेदी, रितु पटेल एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे ।

### आमगांव छोटा में छात्र छात्राओं ने मेले में लगाए स्टॉल

**गाडरवारा, देशबंधु।** विगत दिवस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आमगांव छोटा में मध्यप्रदेश शासन के द्वारा विद्यार्थियों की उद्यमशीलता बढ़ाने हेतु संचालित तेजस्वी मध्यप्रदेश योजना के अंतर्गत %तेजस्वी मेला% का आयोजन किया गया। मेले विद्यार्थियों ने उनके द्वारा बनाई गई विभिन्न आकर्षक वस्तुओं का प्रदर्शन कर उनके बनाने की विधि और उनकी उपयोगिता बताई। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य विजेन्द्र पटेल, मार्गदर्शी शिक्षक अशोक कुमार झारिया और अभिषेक सोनी के साथ समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही। ज्ञात हो कि मध्यप्रदेश की इस योजना के अंतर्गत स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को स्वाबलंबी और आत्मनिर्भर बनाने हेतु 2000 रुपए प्रति छात्र के मान से प्रोत्साहन राशि/सीड मनी प्रदान की जाती है जिससे वे अनुपयोगी/फेंकने योग्य सामग्री का उपयोग कर विभिन्न प्रकार की ऐसी वस्तुओं का निर्माण करते हैं जो न केवल उपयोगी होती हैं बल्कि उनको बेचकर कुछ कमाई भी की जा सकती है।

### लीनेस क्लब वीरांगना ने खुलवाया प्याऊ



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** भीषण गर्मी से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से लीनेस क्लब नरसिंहपुर द्वारा तिंदनी रोड तिराहे स्थित बरिया वाले हनुमान मंदिर में प्याऊ खुलवाई गई। इस अवसर पर श्रद्धालुओं, दर्शनार्थियों और राहगीरों को शीतल पेय जल के साथ वेल शर्बत और सत्तु का वितरण किया गया। इस पुण्य कार्य को क्लब की मल्टीपल डायरेक्टर एवं संरक्षक ली. रूपकला कटारे, पूर्व एरिया ऑफिसर ली. अर्चना राय, पूर्व अध्यक्ष ली. पूनम जैन के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।कार्यक्रम में लीनेस क्लब की अध्यक्ष सविता महोबिया, उपाध्यक्ष ममता नामदेव, सचिव पूनम धुर्वे, कोषाध्यक्ष रजनी राजोरिया , सक्रिय सदस्य रेनु नौरिया, उर्वशी पाठक, ज्योत्सना राय, रजनी सिंघई, पुष्पा साहू, प्रीति गोस्वामी, प्रीति राय, प्रीति सोनी, विनीता चौरसिया, नीता राय एवं सोनल नामदेव आदि मौजूद रहीं। साथ ही पहलगाम में निर्दोश हिंदू सैलानियों के आतंकी हमले में मारे जाने की हृदय विदारक घटना के विरोध में शांति पूर्ण कैंडल मार्च निकाला गया। आतंकवाद के विरुद्ध कड़ा रुख अपनाने की मांग भी की गई।

### पत्नी की हत्या के आरोप में पति गिरफ्तार

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राजेश पिता येमचंद्र सनोडिया उम्र 43 साल निवासी पटेल कॉलोनी छिंदवाड़ा को अपनी पत्नी को आत्महत्या के दुष्प्रेरण के मामले में चंद घंटो में गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। आरोपी को गिरफ्तार करने में चौकी प्रभारी राजेश साहू, प्र.आर. विनय, आर. सूरज, आर. आलम, पुलिस टीम द्वारा सतर्कता और त्वरित कार्रवाई कर यह सफलता प्राप्त की गई। पुलिस द्वारा ऐसे अवैध कार्यों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार की सख्ती से त्वरित कार्यवाही जारी रहेगी।

## बाबा साहेब की जयंती के उपलक्ष्य में भाजपा कार्यालय में विचार गोष्ठी



### राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीक, अखिलेश जैन ने रखे विचार

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी जिला नरसिंहपुर द्वारा जिला भाजपा कार्यालय नरसिंहपुर में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में 'सम्मान संगोष्ठी' का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के दौरान मंचासीन अतिथियों ने भारत माता, भारत रत्न बाबा साहब डॉ.भीमराव अम्बेडकर, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलन किया।

कार्यक्रम मे पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल, तेंदूखेड़ा विधायक मुलायम सिंह पटेल, गोटेगाव विधायक महेंद्र नागेश, जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति काकोड़िया, पूर्व विधायक हाकम सिंह चढ़ार, गोटेगाव नपा अध्यक्ष श्रीमती पूनम ठाकुर, चंद्रभान मंचासीन रहे।

कार्यक्रम के प्रारम्भ मे युवा मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी प्रखर दुबे ने वन्देमातरम का गायन किया तत्पश्चात् कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष पं रामस्नेही पाठक ने कहा कि विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रमों के अतिरिक्त विचार गोष्ठियां भी आयोजित की जा रही है, जिनका उद्देश्य है, बाबा साहब के व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा और संविधान की मजबूती को लेकर सकारात्मक माहौल तैयार करना। यहां उन तमाम पहलुओं पर भी चर्चा की गई, जिसमें कांग्रेस ने अम्बेडकर जी को उनके जीवन के विभिन्न पड़ावों पर अपमानित किया। वहीं भाजपा ने उन्हें जो सम्मान दिया, उसकी जानकारी भी हमारे कार्यकर्ताओ ने दी । उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओ ने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम किए उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री ने बाबा साहब से जुड़े पांच स्थलों को 'पंच तीर्थ' के रूप में विकसित कर सामाजिक समरसता की भावना को सशक्त किया, जिसकी जानकारी हर नागरिक तक हमने इस अभियान के माध्यम से पहुंचाई है। कार्यक्रम मे राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीक ने विचार रखते हुए कहा कि डा. अंबेडकर को लेकर पार्टी की विचारधारा और नीतियों पर प्रकाश डाला साथ ही कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉ. आंबेडकर के विचारों को सही मायने में आगे बढ़ाया है। भाजपा की विचारधारा और बाबा साहब के विचारों में समानता है। सबका साथ, सबका विकास का मंत्र बाबा साहब के दर्शन से ही प्रेरित है।

भाजपा के प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन ने कहा कि कांग्रेस ने केवल बाबा साहब का नाम इस्तेमाल किया, लेकिन उन्हें कभी सम्मान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 को हटाकर प्रधानमंत्री मोदी ने बाबा साहब के विचारों का सम्मान किया और उन्हें सही मायने में श्रद्धांजलि दी। ,भाजपा सरकार बाबा साहब के विचारों और आदर्शों के प्रति पूरी तरह समर्पित है और उनकी योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू कर रही है। कार्यक्रम में पहलगाम मे हुए आतंकी हमले मे जान गवाने वाले नागरिको को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। गोष्ठी का संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष शंकर चौधरी ने किया तथा आभार भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष डा भरत मेहरा ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या मे अनुसूचित जाति वर्ग के प्रबुद्धजन एवं पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पैसे लेकर प्राण घातक हमला करने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार

### आपसी विवाद के चलते घटना को दिया था अंजाम



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** पैसे लेकर प्राण घातक हमला करने वाले 4 आरोपी एवं 1 विधि विवादित बालक को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा अभिरक्षा में लिया गया है। आपसी विवाद के चलते घटना को अंजाम दिया गया था। थाना कोतवाली जिला नरसिहंपुर अंतर्गत 14 अप्रैल को राज जाटव नि. आमगांव बडा द्वारा थाना कोतवाली में रिपोर्ट लेख कराया था कि वह उसका दोस्त आदित्य जाटव और अन्य साथी भीम राव अंबेडकर जयंती रैली में करेली से नरसिंहपुर आ रहे थे। ग्राम कठौतिया में मरघटाई के पास में उसके दोस्त आदित्य जाटव को करेली के रहने वाले विपिन जाटव ने झंडा ना देने की बात से विवाद कर जान से मारने की नीयत से बडे चाकू से पेट में मार दिया है जिसे ईलाज हेतु मेडिकल अस्पताल जबलपुर रिफर किया गया जो उक्त प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली जिला नरसिंहपुर में अपराध क्र. 269/2025 धारा 296,109 (1), 351(3) बी.एन.एस.का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों की पतासाजी हेतु मुखबिरों एवं तकनीकी माध्यमों से पतासाजी की गयी जिस पर हरिशंकर उर्फ विपिन जाटव पिता धनीराम जाटव, उम्र 19 साल, नि.ग्राम कोदसा को ग्रांम आमगांव-गोबरगांव रोड नहर के पास से अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गयी। आरोपी हरिशंकर उर्फ विपिन जाटव के व्दारा बताया गया कि दिनांक 05.04.2025 आमगांव के रहने वाले परिचित एक नाबालिक बालक ने उसे फोन कर बताया था कि आदित्य जाटव जिम जाने की बात को लेकर उसे गालीगलौच व मारपीट करता है। आदित्य जाटव को मारना है बदले में तुम्हें 08-10 हजार रूपये दे दूगाँ। दिनांक 14.04.2025 को करेली के कटहल पेट्रोल पंप के पीछे विपिन जाटव, निकिल जाटव, अमन जाटव, गोल्डी जाटव व एक नाबालिक लडके ने अंबेडकर जयंती की रैली में आदित्य जाटव को मारने की योजना बनाये थी। जो कि रैली करेली से प्रारंभ होने पर विपिन के व्दारा आदित्य से झंडे मांगने की बात को लेकर एक-दो बार विवाद किया गया एवं ग्राम कठौतिया में मरघटाई मे पुनः झंडा मांगने की बात लेकर विवाद किया गया ग्राम कठोतिया में मरघटाई के पास आदित्य जाटव मोटर सायकल किनारे खडे कर खडा हुआ जहाँ विपिन के व्दारा उसे गाली गलौच की गयी एवं विपिन आदित्य जाटव से झूमा झटकी करने लगा तो निखिल जाटव, अमन जाटव, गोल्डी जाटव व नाबालिक बालक ने बीच-बचाव करने के बहाने से आदित्य के दोनों हाथों को पकड लिया एवं मौका देखकर विपिन ने अपने पास रखे बडे चाकू से आदित्य को जान से मारने की नियत से पेट में चाकू मार दिया था और वहाँ से अमन की मोटर सायकल से भाग गया था, वादे के मुताबिक काम हो जाने के बाद अन्य आरोपियों ने मिलकर विपिन जाटव को नगद 8500 रु दिए थे। आरोपी विपिन जाटव से घटना में प्रयुक्त बडा चाकू, मोटरसायकल एवं एक मोबाईल जप्त कर आरोपी गिरफ्तार किया गया है । उक्त घटना को अंजाम देने वाले आरोपी हरिशंकर उर्फ विपिन जाटव उम्र 19 साल नि. ग्राम कोदसा, निखिल जाटव पिता दिनेश जाटव उम्र 19 साल नि. आमगांव बडा, अमन पिता भूरेलाल जाटव उम्र 20 साल नि. आमगांव बडा, ललित उर्फ गोल्डी पिता सतीश जाटव उम्र 20 साल नि. मातावार्ड गाडरवारा नरसिहंपुर एवं एक विधि विवादित बालक को अभिरक्षा में लिया गया है। उक्त प्रकरण का पर्दाफाश करने, आरोपी से मशरूका जप्ती एवं आरोपियान को अभिरक्षा में लेने में निरीक्षक गौरव चाटे, उनि मनीष मरावी, आरक्षक जितेन्द्र सिंह, आरक्षक प्रहलाद माधवे, आरक्षक पंकज सिंह राजपूत, आरक्षक रोहित चन्पुरिया, सायबर सेल म.आर. कुमुद पाठक एवं नगर रक्षा समिति सदस्य शिवम मालवीय की विशेष भूमिका रही।



## राष्ट्रीय महिला जगृति मंच ने किया शरबत, सत्तू का वितरण

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमतीं बिवेक पांडे ,मध्यप्रदेश अध्यक्ष श्रीमतीं अरुणा दुबे,मध्यप्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमतीं सुनन्दा भट्ट ,पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीमतीं शालिनीं दुबे की उपस्थिति में जिलाध्यक्ष श्रीमतीं ज्योति तिवारी के कुशल निर्देशन में प्रतिवर्ष की तरह पावन माह वैशाख में राष्ट्रीय महिला जगृति मंच द्वारा पंचमुखी हनुमान पर जाकर बेल का शर्बत एवम सत्तू का वितरण किया गया।एवम भारी संख्या संख्या में लोगो का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य अर्जित किया गया।

मंच के सदस्यों द्वारा प्रतिवर्ष पेय जल हेतु मटके रखे जाते है और शर्बत वितरण किया जाता है।वर्तमान में देश अत्यधिक विषम परिस्थितियों से गुज़र रहा है।विश्व शांति हेतु मातृशक्तियो द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ किया गया और पहलगांव के नरसंहार में हुए मृतको की आत्मशांति हेतु श्रीराम स्तुति का पाठ कर दीपक हाथ मे लेकर उन्हें श्रधांजलि दी गई।इस आयोजन में संरक्षक श्रीमतीं सरला पांडे, उपाध्यक्ष पूर्णिमा शुक्ला, नीरा बुधौलिया, मंजुलता पांडे,सपना शर्मा, एवम कोषाध्यक्ष शालू शर्मा,सहकोषाध्यक्ष भारतीं रघुवंशी,सह सचिव संचिता दुबे एवम सुमन शर्मा,कविता दुबे,,शिवकुमारी तिवारी,मनीषा पुरोहित,सुषमा मिश्रा, रक्षा पालीवाल,भावना भट्ट, रजनी राजोरिया,पूनम जैन,सविता महोबिया, मोनिका तिवारी,दीप्ति दुबे,रुक्मणी ढिमोले,प्रियंका गोस्वामी, प्रियंका पाठक,प्रीति गोस्वामी,रेणु नौरिया,की उपस्थिति सराहनीय रही।

## लाखों रुपए की शराब के साथ वाहन जब्त

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक छिन्दवाडा अजय पाण्डे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता आईपीएस एवं नगर पुलिस अधीक्षक अजय राणा एवं थाना प्रभारी कुंडीपुरा निरी. मनोज बघेल के कुशल मार्गदर्शन में अवैध गतिविधियो पर सक्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। इसी क्रम में चौकी प्रभारी धरमटेकडी उप निरीक्षक राजेश साहू के द्वारा चौकी क्षेत्र में लगातार अवैध गतिविधियों के विरुद्ध प्रभावी अभियान चलाते हुए मुखबिर तंत्र सक्रिय कर टीम गठित कर अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाते हुये शराब तस्कर एवं विक्रय व परिवहन करने वाले व्यक्तियो के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत त्वरित एवं सख्त प्रभावी कार्यवाही की गयी। घटना के संबंध में बताया जाता है कि पराग बुनकर पिता मनोज बुनकर उम्र 22 वर्ष एवं शरद कोलारे पिता शिवप्रसाद कोलारे उम्र 32 वर्ष को वनगांव रिंग रोड के पास परासिया रोड में 5 खड्डे के कार्टून/पेटी में अंग्रेजी शराब आफिसर च्वाईस के जिसमें प्रत्येक में 48-48 पाव सीलबंद हुई मिली। प्रत्येक में 180 मि.ली. के तथा 2 खड्डे के कार्टून पेटी में देशी प्लेन मदिरा प्रत्येक में 50-50 पाव सीलबंद प्रत्येक में 180 मिली के कुल 61.200 लीटर कीमती शराब जब्त की।


## मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

